# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वाररोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone: **0135 2665366**


विज्ञप्ति संख्याः 32 / 2025 दिनांकः 22 सितम्बर, 2025

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के अन्तर्गत सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त 79 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम सम्बन्धी सूचना

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 21 / 2024–25 / 897, दिनांकः 21 दिसम्बर, 2024 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में समूह 'ग' के अंतर्गत सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त 79 पदों पर पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 21 / 2024–25 / 605, दिनांक– 25 अगस्त, 2025 द्वारा सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त **79** पदों पर चयन हेतु दिनांक– 08 जून 2025 (रविवार) को आयोजित लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको का विवरण जारी किया गया।

उक्त लिखित परीक्षाओं में प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले या निर्धारित कट–ऑफ अंक और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन हेतु दिनांक 09 सितम्बर 2025 को आमंत्रित किया गया था। अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के उपरान्त अनर्ह अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची उनके अनर्हता के कारण के साथ या अन्य किसी अभ्युक्ति वाले अभ्यर्थियों तथा अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रेषित की गई। अनर्ह अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के उपरान्त अंतिम अनर्हता सूची दिनांक– **22 सितम्बर 2025** को प्रसारित की गई है। सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं सेवा नियमावली के मानकों के आधार पर लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा अभिलेख सत्यापन के आधार पर अंतिम श्रेष्ठता सूची (मैरिट लिस्ट) तैयार की गई। अंतिम श्रेष्ठता सूची में उर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए सी0एस0एस0डी0 टैक्नीशियन के रिक्त **79** पदों पर अन्तिम परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

ह0 / –
(प्रदीप जोशी),
सचिव